अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

Happy Navratri

Website - http://www.sindhibandhu.com

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

We are available at

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in

अधिष्ठापक तंत्री - हरिश भागवाणी

E-mail: sindhibandhu@gmail.com

वर्ष *25 अंक 10 * दिनांक 15-10-2018 * संपादक: रेशमा भागवाणी * सहसंपादक : निर्मल भागवाणी * पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9429518141

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

दिल्ली / मोदी आज तेल कंपनियों के अधिकारियों से मिलेंगे, क्रूड का इंपोर्ट कम करने के उपायों पर चर्चा होगी

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को घरेलू और विदेशी तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ मीटिंग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक बैठक में तेल की कीमतों में अस्थिरता से निपटने और इंपोर्ट घटाकर चालू खाता घाटा कम करने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। कच्चा तेल 81 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बना हुआ है। यह 4 साल में सबसे ज्यादा रेट है। पिछले दिनों यह 86 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। आयात पर निर्भरता घटाकर 67% करने का लक्ष्य मोदी ने शुक्रवार को देश में तेल और गैस उत्पादन की समीक्षा की थी। बैठक में कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 10% घटाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। सरकार ने मार्च 2015 में तय किया था कि साल 2022 तक तेल एवं गैस आयात पर निर्भरता घटाकर 67% की जाएगी। सोमवार की बैठक में सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री खालिद अल फलीह भी शामिल हो सकते हैं। नवंबर से ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हो जाएंगे। इसके बाद क्रूड और महंगा होने के आसार हैं। बैठक में इस मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है। क्रूड के रेट बढ़ने की वजह से देश में पेट्रोल-डीजल के रेट रिकॉर्ड स्तर पर बने हुए हैं। सरकार ने 4 अक्टूबर को एक्साइज ड्यूटी 1.5 रुपए घटाई। तेल कंपनियों ने 1 रुपया कम किया। लेकिन, डीजल की कीमतें फिर से 4 अक्टूबर के स्तरों पर पहुंच गई हैं।

सुप्रसिद्ध
सम्राट
नमकीन
घर जैसी ही नमकीन

- सींग भुजीया
- बीकानेरी सेव
- लहसुन सेव
- रतलामी सेव
- मुंग दाल
- दालमोठ
- खट्टा-मीठा मीक्ष
- गांठीया
- टमटम
- चना जोरगरम
- बुंदी - तीखी / मोली
- सेव - सादा / नायलोन
- आलुसेव
- चना दाल
- चवाना - तीखा / मोला
- आलु वेफर-सोल्टेड/मसाला
- केला वेफर- मरी/मसाला
- फरारी चेवडा-तीखा/मोला

SAMRAT NAMKEEN PRIVATE LIMITED
71-74, Phase-2, G.I.D.C., Naroda,
Ahmedabad-382 330, Gujarat, INDIA
Phone : +91 - 79 - 22823328 / 29 / 30 / 31
Fax : +91 - 79 - 22823383
email : info@samratnamkeen.com
web : www.samratnamkeen.com

अमेरिका / फेसबुक ने बताया- हैकर्स ने पिछले महीने 2.9 करोड़ यूजर्स का डेटा चोरी किया

सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट फेसबुक ने शुक्रवार को एक ब्लॉग पोस्ट में खुलासा किया कि पिछले महीने हैकर्स ने 2.9 करोड़ यूजर्स के फेसबुक अकाउंट में सेंध लगाई। साथ ही, डेटा भी चोरी कर लिया। फेसबुक ने यह रिपोर्ट 5 करोड़ यूजर्स के अकाउंट हैक होने का खुलासा होने के बाद जारी की। फेसबुक ने सितंबर में कहा था कि हैकर्स ने 5 करोड़ यूजर्स के अकाउंट को हैक करने की कोशिश की। इसके बाद कंपनी से प्रभावित हुए एफबी अकाउंट्स की डिटेल मांगी गई थी। सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, हैकर्स ने करीब 1.5 करोड़ यूजर्स के नाम और कॉन्टैक्ट डिटेल्स चोरी की हैं। वहीं, 1.4 करोड़ यूजर के नाम और कॉन्टैक्ट के अलावा उनकी प्रोफाइल से जुड़ी जानकारियां भी हैक की गई हैं। एफबी के मुताबिक, हैकर्स ने यूजर्स का यूजरनेम, जेंडर, लैंग्वेज, रिलेशनशिप, रिलिजन, बर्थडे, एजुकेशन और आखिरी 10 जगह पर जाने की डिटेल्स भी चोरी कीं। कंपनी ने अपने पोस्ट में बताया, ''एफबीआई इस मामले की जांच कर रही है। हम उसका सहयोग कर रहे हैं। पिछले महीने 5 करोड़ फेसबुक यूजर्स के अकाउंट हैक होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद कंपनी ने 'व्यू एज' फीचर हटा लिया।'' कंपनी का कहना है कि हैकर्स ने 'व्यू एज' फीचर के जरिए फेसबुक ऐक्सेस टोकन चोरी किए थे। इनके जरिए हैकर्स ने दूसरों के अकाउंट हैक करके डेटा चोरी किया था।

एक शाम भगवान झूलेलाल के नाम

राजस्थान सिंधी अकादमी सिन्धु जागृति संगठन के संयुक्त तत्वाधान में आज प्रताप ऑडिटोरियम में एक शाम भगवान झूलेलाल के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के संयोजक सुरेश कुमार थदानी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया जिसमें मुख्य अतिथि सदारत कर रहे हरीश राजानी अध्यक्ष राजस्थान सिंधी अकादमी राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रहे का स्वागत सिन्धु जागृति संगठन के संरक्षक इंद्र कुमार दुलानी तोलानी अर्जुन कुमार तख्तानी ठाकुरदास भोजवानी अशोक जुमनानी ने प्रखर पहनाकर किया। इस अवसर पर हरीश राजानी ने समाज को संबोधित करते हुए यह कहा कि सिंधी संस्कृति और सांस्कृतिक रखना होगा जिसके लिए सिंधी समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए

इस कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि लालचंद भगत जी मोठूका, संत शिरोमणि मोहन भगत जी खैरथल, संत शिरोमणि गोविंद गिरी जी महाराज ,संत शिरोमणि हरि साईं जी खैरथल द्वारा भगवान झूलेलाल की ज्योत प्रज्वलित कर किया गया।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश रोघा प्रधान किशनगढ बास थे । इस कार्यक्रम में अलवर जिले की लगभग 17 पंचायतों के अध्यक्ष सचिव सहित पूरे जिले के सिंधी समुदाय ने आयो लाल झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए तथा लाल टोपी जो कि झूलेलाल भगवान की होती है पहनकर भाग लिया।

उपरोक्त जानकारी लेते हुए देते हुए मीडिया संयोजक हितेश ठाकुर ने बताया कि यह कार्यक्रम ओशो जन्मोत्सव जन्मोत्सव के उपलक्ष में के उपलक्ष्य में एक शाम झूलेलाल के नाम आयोजित की गई।

ब्रिटेन / सरकार का आदेश- पिज्जा पर कम करनी होगी टॉपिंग, 928 कैलोरी से ज्यादा न हो

लंदन. ब्रिटेन सरकार ने मोटापे की समस्या को खत्म करने के लिए पिज्जा का साइज कम करने की योजना बनाई है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पिज्जा में कैलोरी घटाने के लिए उस पर टॉपिंग (चीज, कॉर्न, वेजिटेबल) कम करनी होंगी। लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के जरूरी है कि पिज्जा में 928 कैलोरी से ज्यादा न हो।

ड्राफ्ट प्रपोजल के हवाले से द टेलीग्राफ ने बताया- मशहूर रेस्तरांओं से उनके फूड आइटम्स की कैलोरी में कटौती करने की अपील की गई है। कहा गया है कि अब बाजारों को ही लोगों के बढ़ते मोटापे को काबू करने का ध्यान रखना होगा।

सरकार के ड्राफ्ट में कहा गया है कि सेवरी पाई (फास्ट फूड में इस्तेमाल होने वाली एक क्रीम) में 695 कैलोरी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। सैंडविच, पैक्ड फूड के लिए सरकार ने कैलोरी तय कर दी है।

पब्लिक हेल्थ ब्रिटेन (पीएचई) ने कहा है कि देश को मोटापे की समस्या से निजात पाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। बच्चों में मोटापे की समस्या बढ़ी है। बीते 10 सालों में एक तिहाई बच्चे मोटापे का शिकार हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक- प्राइमरी स्कूल छोड़ने के बाद पांच में से एक बच्चा मोटापे का शिकार पाया गया। ब्रिटेन के करीब 24 हजार बच्चे भयंकर मोटापे से पीड़ित बताए गए हैं। पीएचई की प्रमुख पोषाहार विशेषज्ञ एलीसन टेडस्टोन कहती हैं- पिज्जा में न केवल मीट और चीज कम होना चाहिए बल्कि उसका आकार भी छोटा होना चाहिए। लोग भी चाहते हैं कि भले ही उनके फूड की मात्रा कम हो लेकिन वह स्वास्थ्यवर्धक हो।

संपादकीय

तीन चुनावी राज्यों में दोबारा चुने गए 154 विधायकों में से सिर्फ 5 की संपत्ति हुई कम

भोपाल. नवंबर-दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए नेताओं द्वारा टिकट पाने की जोड़-तोड़ शुरू हो चुकी है। तीन प्रमुख राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता में काबिज भाजपा अपने कई वर्तमान विधायकों का टिकट काट सकती है। इन तीनों राज्यों में 2013 में 154 नेता लगातार दूसरी बार विधायक बने थे। इनमें से सिर्फ पांच विधायक ऐसे थे जिनकी संपत्तियों में पांच साल में कमी आई। मध्य प्रदेश में ऐसे तीन नेता थे। तीनों ही भाजपा विधायक हैं। वहीं, राजस्थान में ऐसे विधायकों की संख्या दो थी।

राजस्थान: अशोक परनामी की संपत्ति में हुआ था सबसे ज्यादा इजाफा

2013 में 67 विधायक दूसरी बार चुने गए। इनकी औसत संपत्ति 130% बढ़कर 3.89 करोड़ रुपए हो गई। 2008 में ये आंकड़ा 1.69 करोड़ रुपए था।

पार्टी के लिहाज से देखें तो भाजपा के 58 विधायक दोबारा चुने गए। उनकी संपत्ति में औसत 130% का इजाफा हुआ। वहीं, कांग्रेस से दोबारा चुने गए 6 विधायकों की संपत्ति में 144% का इजाफा हुआ।

सबसे ज्यादा भाजपा के अशोक परनामी का संपत्ति बढ़ी। 2008 में उन्होंने 3.66 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। जो 2013 में 627% बढ़कर 22.95 करोड़ रुपए हो गई।

दोबारा चुने गए विधायकों में सिर्फ दो विधायकों की संपत्ति कम हुई। इनमें भरतपुर से भाजपा विधायक विजय कुमार और बस्सी से निर्दलीय विधायक अंजू देवी धनका शामिल थीं।

2008 में विजय कुमार की संपत्ति 3.88 करोड़ घोषित की थी। जो 2013 में 46% घटकर 2.09 रह गई। वहीं, अंजू देवी संपत्ति में 19% की कमी हुई। 2008 में उन्होंने 31.66 लाख रुपए की संपत्ति घोषित की। जो 2013 में घटकर 25.50 लाख रुपए रह गई।

छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री रमन सिंह की संपत्ति में हुआ था 436% का इजाफा

छत्तसीगढ़ में 2013 में 22 विधायक दूसरी बार चुने गए। इनकी औसत संपत्ति 147% बढ़कर 3.16 करोड़ रुपए हो गई। 2008 में ये आंकड़ा 1.27 करोड़ रुपए था।

पार्टी के लिहाज से देखें तो भाजपा के 15 विधायक दोबारा चुने गए। उनकी संपत्ति में औसत 216% का इजाफा हुआ। वहीं, कांग्रेस से चुने गए 7 विधायकों की संपत्ति में 96% का इजाफा हुआ।

सबसे ज्यादा कांग्रेस के गुरुमुख सिंह होरा का संपत्ति बढ़ी। 2008 में उन्होंने 6.02 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। जो 2013 में 94% बढ़कर 11.68 करोड़ रुपए हो गई।

प्रतिशत के लिहाज से संपत्ति में सबसे ज्यादा 709% इजाफा भाजपा विधायक देवीजी भाई पटेल की संपत्ति में हुआ। इस लिहाज से मुख्यमंत्री रमन सिंह की संपत्ति 436% बढ़ी। 2008 में उन्होंने 1.04 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। जो 2013 में बढ़कर 5.61 करोड़ रुपए हो गई।

मध्यप्रदेश: कैलाश विजयवर्गीय की संपत्ति 28% हो गई थी कम

मध्यप्रदेश में 2013 में 65 विधायक दूसरी बार चुने गए। 2013 में इनकी औसत संपत्ति 290% बढ़कर 7.51 करोड़ रुपए हो गई। 2008 में ये आंकड़ा 1.92 करोड़ रुपए था।

पार्टी के लिहाज से देखें तो भाजपा के 55 विधायक दोबारा चुने गए। उनकी संपत्ति में औसत 279% का इजाफा हुआ। वहीं, कांग्रेस से दोबारा चुने गए 10 विधायकों की संपत्ति में 302% का इजाफा हुआ।

सबसे ज्यादा कांग्रेस से भाजपा आए संजय पाठक का संपत्ति बढ़ी। 2008 में उन्होंने 34.17 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। जो 2013 में 255% बढ़कर 121.32 करोड़ रुपए हो गई।

प्रतिशत के लिहाज से संपत्ति में सबसे ज्यादा 468% इजाफा भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा की संपत्ति में हुआ। 2008 में उन्होंने 6.69 करोड़ रुपए की संपत्ति घोषित की थी। जो 2013 में बढ़कर 38.02 करोड़ रुपए हो गई।

दोबारा चुने गए 65 विधायकों में सिर्फ 3 विधायक ऐसे थे जिनकी संपत्ति 2008 के मुकाबले घटी। भाजपा के कैलश विजयवर्गीय की संपत्ति में सबसे ज्यादा 28% की कमी आई थी। 2008 में उन्होंने 2.55 करोड़ की संपत्ति घोषित की थी। जो 2013 में घटकर 1.83 करोड़ रुपए रह गई। विजयवर्गीय के अलावा भाजपा के ही दीपक जोशी और बालकृष्ण पाटीदार की संपत्ति में क्रमश: 9% और 8% की कमी आई।

सूरत में नहीं हुई उत्तर भारतीयों पर हमले की एक भी घटना

गृह राज्य मंत्री श्री प्रदीपसिंह जाडेजा ने कहा कि सूरत में रहने वाले उत्तर भारतीयों पर हमले की एक भी घटना नहीं हुई है। कल सड़क हादसे में जिस बिहारी नागरिक की मौत हुई है, उसे प्रवासियों पर हमले के साथ जोड़ना अत्यंत निंदनीय है।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास में छह करोड़ गुजरातियों के साथ अन्य राज्यों से रोजगार के लिए आने वाले नागरिकों का भी योगदान रहा है, ऐसे में सभी को सुरक्षा मुहैया कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि राज्य में उत्तर भारतीयों पर हुए हमले की घटनाओं में से एक भी घटना सूरत में नहीं हुई है। शनिवार को हुए एक दुःखद हादसे में बरसों से सूरत में रहने वाले जिस बिहारी नागरिक की मौत हुई है, वह एक सड़क हादसा था। तेज गति से मोटरसाइकिल चला रहे उस व्यक्ति की मोटरसाइकिल पहले झाड़ के साथ और फिर डिवाइडर के साथ टकराने से गंभीर दुर्घटना में उसकी मृत्यु हुई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को उत्तर भारतीयों पर हमले के साथ जोड़ने का जो निंदनीय प्रयास हो रहा है वह बेहद दुःखद है।

उन्होंने कहा कि सूरत में काफी वर्षों से बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय रहते हैं और कभी भी ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। इसके साथ ही राज्य में भी पिछले एक सप्ताह में ऐसे हमले की एक भी घटना नहीं हुई है। इसके चलते राज्य में भाईचारे की भावना मजबूत बनी है और नागरिक बिना किसी भय के शांति से जीवन निर्वाह कर रहे हैं। वहीं, राज्य छोड़कर जाने वाले लोग भी वापस लौट चुके हैं।

सिंधी युटयुब चैनल "Sindhi Programs" ने हासिल किये 1 करोड़ व्यूअरशीप

श्री राम अमरनाणी जी ने कुछ साल पहले एक युटयुब चैनल शुरू की थी और उनहोंने कई सालो से सीधी समाज और सिंधी बोली की जागरूकता के लिए सिंधी वीडियोस अपनी युटयुब चैनल पर रख रहे हैं, और उनकी कोशिश की दाद देना बनता हैं क्यूंकि हमें यह भी पता चला की अभी भी जहा आजकल के नौजवान सिंधी बोल नहीं पा रहे, पर उनकी इस कोशिश के जरिये यह परा चला की सिंधीयो में अभी भी सिन्धियत और बोली के बारे में अभी भी कही पे उनको प्यार और खिचाव हैं, इसी वजह से

उनकी युटयुब चैनल ने भी 1 करोड़ व्यूअरशीप पा सकी हैं. हम इस ख़ुशी के मौके पर सिन्धी बन्धु और तमाम सिन्धी समाज के तरफ से उनको बधाई देते हैं, उन्होंने जो दूरदर्शिता दिखाई थी और सिन्धी वीडियोस को युटयुब पर ले गए थे वही उनके सफलता का राज हैं. हम आशा करते हैं वह ऐसे ही अपने प्रयास जरी रखेंगे और सिन्धी बोली को फैलाते रहेंगे.

महंगाई / सितंबर में खुदरा महंगाई दर 3.77% हुई, अगस्त के मुकाबले 0.08% इजाफा

नई दिल्ली. सितंबर में खुदरा महंगाई दर 3.77 फीसदी हो गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त के मुकाबले सितंबर में खुदरा महंगाई दर में 0.08% का इजाफा हुआ है। अगस्त में ये 3.69% थी। खाने-पीने की वस्तुओं और ईंधन के दाम बढ़ने की वजह से महंगाई दर में सितंबर में इजाफा हुआ।

अगस्त में 10 महीने के निचले स्तर पर थी महंगाई

सब्जियों और फलों की कीमतों में आई कमी से अगस्त में खुदरा महंगाई दर 3.69% दर्ज की गई थी। यह दर 10 महीने के सबसे निचले स्तर पर है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 4.17% थी। अप्रैल से जून के दौरान महंगाई में लगातार इजाफा हुआ था।

दो सूचकांकों के आधार पर तय होती है महंगाई

पहला: उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) है, जो रिटेल महंगाई का इंडेक्स है। रिटेल महंगाई वह दर है, जो जनता को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। यह खुदरा कीमतों के आधार पर तय की जाती है। भारत में खुदरा महंगाई दर में खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी करीब 45% है। दुनिया भर में ज्यादातर देशों में खुदरा महंगाई के आधार पर ही मौद्रिक नीतियां बनाई जाती हैं।

दूसरा: थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई), जो थोक महंगाई का इंडेक्स है। डब्ल्यूपीआई में शामिल वस्तुएं अलग-अलग वर्गों में बांटी जाती हैं। थोक बाजार में इन वस्तुओं के समूह की कीमतों में हर बढ़ोतरी का आंकलन थोक मूल्य सूचकांक के जरिए होता है। इसकी गणना प्राथमिक वस्तुओं, ईंधन और अन्य उत्पादों की महंगाई में बदलाव के आधार पर की जाती है।

प्रशासनिक अधिकारियों के परिवारजनों के गरबा उत्सव में शरीक हुए सीएम

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी शुक्रवार को आद्यशक्ति की आराधना के पर्व नवरात्रि के अवसर पर राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों के परिवारजनों की ओर से गांधीनगर में आयोजित आईएएस वाइव्ज वेलफेयर एसोसिएशन नवरात्रि गरबा उत्सव में शरीक हुए। उन्होंने मां जगदंबा की भक्तिभाव से आरती की और गरबा नृत्य देखा।

एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव डॉ. जेएन सिंह की पत्नी एवं मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर राज्य के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित थे।

नवरात्र विशेष / देवताओं से शक्ति पाकर देवी ने किया था महिषासुर का वध

इन दिनों शारदीय नवरात्र का पर्व चल रहा है। इस पर्व में मुख्य रूप से देवी भगवती की उपासना की जाती है। देवी भगवती ने असुरों का वध करने के लिए कई अवतार लिए। सर्वप्रथम महादुर्गा का अवतार लेकर देवी ने महिषासुर का वध किया था। दुर्गा सप्तशती में देवी के अवतार के बारे में बताया गया है।

- एक बार महिषासुर नामक असुरों के राजा ने अपने बल और पराक्रम से देवताओं से स्वर्ग छिन लिया। जब सारे देवता भगवान शंकर व विष्णु के पास सहायता के लिए गए। पूरी बात जानकर शंकर व विष्णु को क्रोध आया तब उनके तथा अन्य देवताओं से मुख से तेज प्रकट हुआ, जो नारी स्वरूप में परिवर्तित हो गया।
- शिव के तेज से देवी का मुख, यमराज के तेज से केश, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से वक्षस्थल, सूर्य के तेज से पैरों की अंगुलियां, कुबेर के तेज से नाक, प्रजापति के तेज से दांत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र, संध्या के तेज से भृकुटि और वायु के तेज से कानों की उत्पत्ति हुई।
- इसके बाद देवी को शस्त्रों से सुशोभित भी देवों ने किया। भगवान शंकर ने मां शक्ति को अपना त्रिशूल भेंट किया। अग्निदेव ने अपनी शक्ति देवी को प्रदान की। भगवान विष्णु ने देवी को अपना सुदर्शन चक्र प्रदान किया।
- वरुणदेव ने शंख भेंट कर माता का सम्मान किया। पवनदेव ने देवी को धनुष और बाण दिए। देवराज इंद्र ने देवी को वज्र और घंटा अर्पित किया। यमराज ने मां दुर्गा को कालदंड भेंट किया।
- प्रजापति दक्ष ने स्फटिक की माला प्रदान की। परमपिता ब्रह्मा ने अपनी ओर से कमंडल भेंट किया। सूर्यदेव ने माता को अपना तेज प्रदान किया। समुद्रदेव ने आभूषण (हार, वस्त्र, चूड़ामणि, कुंडल, कड़े, अर्धचंद्र और रत्नों की अंगूठियां) भेंट किए।
- सरोवरों ने कभी न मुरझाने वाली माला माता को अर्पित की। कुबेरदेव ने शहद से भरा पात्र (बर्तन) दिया। पर्वतराज हिमालय ने मां दुर्गा को सवारी करने के लिए शक्तिशाली शेर भेंट किया।
- देवताओं से शक्तियां प्राप्त कर महादुर्गा ने युद्ध में महिषासुर का वध कर देवताओं को पुनः स्वर्ग सौंप दिया।

व्हाट्सऐप/Delete For Everyone, मैसेज को 13 घंटे बाद नहीं कर सकेंगे डिलीट

इंस्टेंट मैसेजिंग कंपनी व्हाट्सऐप अपने 'Delete For Everyone' फीचर में बदलाव करने जा रही है, जिसके बाद भेजे गए मैसेजेस को डिलीट करने की टाइम लिमिट भी तय हो जाएगी। WABeta-Info के ट्वीट के मुताबिक, नया अपडेट के आने के बाद अगर मैसेज के डिलीट होने की रिक्वेस्ट रिसीवर को 13 घंटे, 8 मिनट और 16 सेकेंड तक नहीं मिलती है, तो उसके बाद उस मैसेज को डिलीट नहीं किया जा सकेगा।

मतलब, अगर सेंडर कोई मैसेज भेजता है और उसे डिलीट कर देता है। लेकिन रिसीवर का मोबाइल या इंटरनेट कनेक्शन बंद है या फिर उसका फोन फ्लाइट मोड में है तो सेंडर के डिलीट किए मैसेजेस की रिक्वेस्ट रिसीवर को 13 घंटे,8 मिनट और 16 सेकेंड के अंदर नहीं मिलती है, तो उस मैसेज को फिर डिलीट नहीं किया जा सकेगा।

दुखद निधन

श्री हीरानंद गंगाराम भागचंदाणी जी का तारीख 8 अक्टूबर 2018 को निधन हुआ |

एक बार फिर नए आयाम स्थापित करने को तत्पर सिंधी मेला समिति लगातार 12 वर्ष

सिंधी मेला समिति के तत्वाधान आयोजित होने वाले चार दिवसीय गरबा महोत्सव की तैयारी जोरो से चालू हो गयी है। लगातार सफल 11 वर्षो के बाद इस बार एक नये आयाम व ऊंचाईयों को छूने के लिये वचनबद्ध सिंधी मेला समिति समिति के अध्यक्ष भगवानदास सबनानी ने बताया कि भोपाल की जनता के द्वारा लगातार विगत वर्षो से मिलता आ रहा है। यह हमारा 12वां वर्ष है। इस बार भी हमारे द्वारा आप सभी गरबा प्रेमियों व उनके परिवारजनो के लिए आयोजित होने वाला गरबा महोत्सव दिनांक 12, 13, 14 व 15 अक्टूबर हलालपुरा स्थित सुंदरवन गार्डन में रात्रि 8 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर प्रतिदिन समिति के द्वारा बैठको का दौर भी जारी हो गया है। जिसमें सभी बारह प्रशिक्षण केन्द्रो को लेकर चर्चा की जाती है। इसमें गरबा प्रतिभागियो को होने वाली दिक्कत स्वच्छता का ध्यान रखते हुए परिधान, पेयजल, पार्किंग, गरबी व प्रतिभागियो के परिजनो को बैठाने जैसी व्यवस्थाओ पर चर्चा कर उचित मार्गदर्शन लिया जा रहा है। सभी सिंधी मेला समिति सदस्य अपनी लगन कार्यो में जुट चुके है। उन्होने यह भी बताया कि यह उनके द्वारा करवाए जा रहे बडे आयोजनो में से एक है। जो कि भोपाल ही नही वरन पूरे म.प्र. में प्रचलित है। इस आयोजन को लेकर पूरे समाज में उत्साह बना रहता है। यह एक ऐसा आयोजन है जिसमे एक ही समाज के 2200 से ज्यादा गरबा प्रतियोगी मां जगत जननी की आराधना करते दिखाई देते है। उन्होने सभी से निवेदन किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सब परिवार पधारकर मां की आराधना व गरबा प्रतिभागियो का उत्साहवर्द्धन करे इस मुख्य अवसर पर भगवानदास सबनानी, घनश्याम पंजवानी, नरेश तलरेजा, मनीष दरयानी, राजकुमार वाधवानी, हरीश नागदेव, अशेक माटा, अशोक रोहणा, ठाकुर पंजवानी, विनोद आलवा, किशोर तनवानी, दिनेश मेघानी, मोहन देवरख्यानी, भरत दारानी, प्रदीप झुरानी, भरत जिंदवानी, हरीश मेघानी, वासु बेलानी, चन्द्र डुलानी एवं मातृ शक्ति सीमा सबनानी, रेखा कमल, किरण वाधवानी, दिव्या दरयानी, शगुन देवरख्यानी, माया पंजवानी, मीना भागचंदानी, महक तुलसीयानी, रितिका बालानी, संगीता सुखवानी, भावना जगवानी, कंचन माखीजा व अन्य साथीगण इस मौके पर उपस्थित थे।

बाबा शेवाराम साहिब का 102 वार्षिक प्राकट्य महोत्सव

24 ओक्टोबर २०१८ शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सतगुरु श्री 108 बाबा शेवरम साहिब जी 102 वार्षिक 'प्राकट्य महोत्सव' बड़े धाम धूम से मनाया जायेगा. सुबह 8 बजे हवन, सुबह 9 बजे से नितनेम, संतो - महापुरुषों के प्रवचन - सत्संग, संतो महापुरुषों का भंडारा एवं आम भंडारा लगेगा. शाम को 6 बजे से धर्मध्वजा वंदन, जंदा साहिब चढ़ेगा.

हितेश दादवाणी MDRT ADVISOR
की तरफ से
नवरात्री की हार्दिक शुभकामनाए

SBI Life
INSURANCE
With Us, You're Sure

- General Insurance
- Life Insurance
- Child Education
- Retirement Planning
- Mutual Fund
- Home Loan
- Business Loan

A-408 4th FLOOR
DEVARSHI SHINE,
NEAR KAILASH ROYAL,
NANA CHILODA,
AHMEDABAD-382330

मो. 9979026137

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया